भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 511**
(जिसका उत्तर शुक्रवार, 26 फरवरी, 2016 को दिया गया)

**<u>सीएसआर के संबंध में केपीएमजी सर्वेक्षण</u>**

**511. श्री जयदेव गल्ला :**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत कारपोरेट दायित्व कार्यकलापों के संदर्भ में वैश्विक स्तर पर भारत शीर्ष तीन देशों में है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या क्लेनवेल्ड पीट मार्विक गोएरडेलवर्स (केपीएमजी) ने हाल ही में इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है और रिपोर्ट जारी की है;
(ग) यदि हां, तो रिपोर्ट के निष्कर्ष क्या हैं; और
(घ) इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्री** **(श्री अरूण जेटली)**

**(क) से (घ):** पब्लिक डोमेन में उपलब्ध केपीएमजी रिपोर्ट, जो वर्ष 2015 में 45 देशों की 4500 कंपनियों द्वारा रिपोर्ट किए गए कारपोरेट दायित्व (सीआर) के सर्वेक्षण से संबंधित है, में कारपोरेट दायित्व की रिपोर्टिंग के मामले में भारत को अग्रणी देश माना गया है। सर्वेक्षण के अन्य के साथ-साथ मुख्य निष्कर्ष कि (क) वर्ष 2013-15 के बीच 27% की वृद्धि दर के साथ से कारपोरेट दायित्व रिपोर्टिंग में भारत का स्थान सर्वोच्च है; (ख) सीआर रिपोर्टिंग में वृद्धि मुख्यतः देश के कानूनी/नियामक ढांचे में अनिवार्य रिपोर्टिंग अपेक्षाओं का परिणाम है।

वर्ष 2012 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शीर्ष 100 सूचीबद्ध संस्थाओं के लिए व्यवसाय दायित्व रिपोर्टिंग (बीआरआर) को अनिवार्य कर दिया। दिनांक 22.12.2015 की

राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से इस प्रावधान को शीर्ष 500 सूचीबद्ध संस्थाओं तक बढ़ा दिया गया है।

*****